कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।

Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ *(05962) 231099 Fax : 230397*

पत्रांक – 4794 / 12–1 अल्मोड़ा, दिनांक, 29.06.2021.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

विषय :– विधानसभा क्षेत्र में गंगोलीहाट के अन्तर्गत पव्वाधार नैनी जागेश्वर बाया सेरागढ़ा मोटर मार्ग प्रस्ताव सं0 37053 / 2018।

संदर्भ :– आपका पत्रांक 5320 / 12–1 दिनांक 28.06.2021।

महोदय,

संदर्भित पत्र के क्रम में अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून की पत्र सं0 2880/FP/UK/ROAD/37053/2018 दिनांक 19.06.2021 जो आपको भी पृष्ठांकित है का अवलोकन करें। अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 बेरानाग, पिथौरागढ़ को निर्देशित किया गया है कि विषयगत प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्तियों की बिन्दुवार आख्या प्रभागीय वनाधिकारी एवं वन संरक्षक की संस्तुति के साथ मूल हॉर्ड कॉपी तीन प्रतियों में उनके कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रस्तावक विभाग के माध्यम से प्रकरण से सम्बन्धित हस्ताक्षरयुक्त चार हॉर्ड कॉपियां **(एक प्रति इस कार्यालय के उपयोगार्थ)** की मूल प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि प्रकरण उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके। आपसे प्राप्त लॉन लाईन प्रस्ताव उक्त कार्यवाही हेतु वापस किया जा रहा है।

भवदीय

(प्रवीण कुमार)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोडा